www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, शनिवार, 25 अप्रैल 2026

## सुविचार



भारतीय संविधान के अनुसार, नागरिकों को सामाजिक और आर्थिक न्याय पाना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है।

- हरिशंकर परसाई

**बरेली के प्रमुख समाचार**

- बेदर्द बिजली पर रात में फूटा आक्रोश - II
- भीड़ के मद्देनजर विशेष ट्रेनें शुरू III
- बीआईयू में छात्रों ने मॉडल्स के जरिए किया प्रतिभा प्रदर्शन -IV

## सिटी ब्रीफ

### स्कूलों में वसूली की उच्च स्तरीय जांच होगी

**बरेली, अमृत विचार :** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने निजी स्कूलों की ओर से हर साल नया पाठ्यक्रम लागू करने और अभिभावकों पर कॉपी-किताबों का बोझ डालने के मुद्दे को गंभीरता से लिया। उन्होंने इसे कमाई का माध्यम बताते हुए गहरी नाराजगी व्यक्त की। डिप्टी सीएम ने जिला प्रशासन को तत्काल एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं, जो यह जांच करेगी कि निजी स्कूलों द्वारा पाठ्यक्रमों में बार-बार बदलाव कहीं कमीशनखोरी का हिस्सा तो नहीं है। उन्होंने साफ किया कि शिक्षा के नाम पर व्यापार और मनमानी बर्दाश्त नहीं होगी। यदि स्कूलों की कार्यप्रणाली में धांधली पाई जाती है, तो उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बरेली कॉलेज में आज का अवकाश घोषित

**बरेली, विचार :** बरेली कॉलेज में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ की ओर से उत्तर प्रदेश होमगार्ड की लिखित परीक्षा का आयोजन दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा 25 अप्रैल से 27 अप्रैल तक तीन दिनों तक आयोजित होगी। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि परीक्षा के चलते बरेली कॉलेज में शनिवार और सोमवार को अवकाश घोषित किया गया।

## शहर में आज

- सपा कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की प्रेसवार्ता दोपहर 1 बजे
- उर्स ए ताजुश्शरिया पर कुल की रस्म मथुरापुर मदरसा में शाम 5:30 बजे
- श्री श्याम कृपा मंडल सुभाष नगर द्वारा चतुर्दशी पर निशान यात्रा चौरासी घंटा मंदिर से सुबह 8 बजे और शाम को श्री श्याम कीर्तन रामलीला मैदान सुभाष नगर 6 बजे

# विपक्ष ने आधी आबादी का हक मारा, भुगतना होगा अंजाम

## बरेली पहुंचे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, महिला आरक्षण लागू कराकर रहेगी भाजपा

- सोनिया, प्रियंका, डिंपल ही नहीं चाहतीं महिला आरक्षण लागू हो
- आरक्षण बिल में रोड़े अटकाने वालों को बूथों पर घेरेगी भाजपा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने महिला आरक्षण को लेकर विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। बरेली पहुंचे डिप्टी सीएम ने कहा कि संसद में जो कुछ हुआ, उसके लिए आधी आबादी सपा-कांग्रेस व दूसरे ऐसे दलों को चुनाव में दौड़ाने का काम करेगी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम की राह में रोड़े अटकाने वालों को भारी कीमत चुकानी होगी। भजपा महिलाओं को उनका हक दिलाकर रहेगी।

सर्किट हाउस में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान डिप्टी सीएम ने कहा कि आजादी के इतने समय बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐतिहासिक कदम उठाया लेकिन पूरा विपक्ष विरोध पर उतर आया। सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और डिंपल यादव खुद सदन का हिस्सा हैं, लेकिन नहीं चाहतीं कि सामान्य परिवारों की महिलाएं संसद तक पहुंचें। लड़की हूं, लड़ सकती हूं.. के नारे दिए जाते हैं, लेकिन संसद में मेजें महिलाओं हित के खिलाफ थपथपाई जाती हैं।

उन्कहा कि भाजपा इस मुद्दे को केवल भाषणों तक सीमित नहीं रखेगी, बल्कि विपक्ष के महिला विरोधी चेहरे को उजागर करने के लिए इसे ''हर बूथ'' तक लेकर जाएगी। मिशन 2024 और विकसित भारत के संकल्प को दोहराते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि पीएम मोदी का स्पष्ट मानना है कि बिना आधी आबादी की सक्रिय भागीदारी के विकसित भारत का सपना पूरा नहीं हो सकता। आज देश में एक ही नारा गूंज रहा है-नारी शक्ति का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान'' और यही आक्रोश चुनाव में विपक्ष का सफाया करेगा।



सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता करते उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, साथ में ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष भाजपा दुर्विजय सिंह शाक्य व अन्य नेता। ● अमृत विचार



इन्वर्टिस में महिला सम्मेलन को संबोधित करते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य।

### अखिलेश पर तंज, 27 में लौटना होगा सैफई

डिप्टी सीएम ने तंज कसते हुए कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव सत्ता के वियोग में व्याकुल हैं। इसके लिए उन्हें 2047 तक इंतजार करना होगा। सपा चाहे अकेले चुनाव लड़े या फिर बसपा और कांग्रेस के साथ गठबंधन करे, यूपी में अब सिर्फ कमल खिलेगा। अखिलेश सरकार के अत्याचार जनता भूले नहीं है, जब खाली ' 'प्लॉट हमारा' ' का नारा चलता था। जब सपा नेता वोट मांगने जाएंगे, तो महिलाएं उन्हें क्षेत्र से दौड़ा देंगी। 2027 में अखिलेश सैफई लौटते नजर आएंगे।

### केशव ने उठाया शोर...नारी शक्ति का अपमान, नहीं सहेगा हिन्दुस्तान

बिथरी, अमृत विचार : उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मोर्य ने इन्र्टिस यूनिवर्सिटी में आयोजित महिला आक्रोश सम्मेलन में विपक्ष पर तीखे अंदाज में निशाना साधा बोला। बड़ी संख्या में महिलाओं की मौजूदगी के बीच केशव ने कहा कि भाजपा सरकार देश के नए संसद भवन में पहला कानून नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 लेकर आई थी। देश में अभी लोकसभा की 543 सीट हैं। महिला सशक्तिरण में कोई बाधा न आए, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करने की योजना बनाई थी। विपक्षी दलों का महिलाओं के हित में किया जा रहा प्रयास रास नहीं आया। सदन में सरकार 54 वोट कम होने की वजह से विधेयक के पक्ष में अपेक्षित समर्थन नहीं जुटा सकी। इसी विरोध के जवाब में भाजपा पूरे देश में नारी शक्ति जन-जागरण अभियान चला रही है। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के प्रति समाज में जागरूकता लाना है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति का अपमान अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारत में महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि है और इसे हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने समारोह में पहुंचे डिप्टी सीएम का पूरी टीम के साथ भव्य स्वागत किया। ब्रज क्षेत्र भाजपा अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, सांसद बरेली छत्रपाल गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, कुंवर महाराज सिंह, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. एमपी आर्य, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, डॉ. डीसी वर्मा, जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, मीडिया प्रभारी बंटी ठाकुर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### पूर्व सांसद धर्मेन्द्र कश्यप से मिलने घर पहुंचे केशव, लंबी हुई मंत्रणा

**बरेली, अमृत विचार :** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या का बरेली दौरे की सबसे अहम मुलाकात आंवला से पूर्व भाजपा सांसद धर्मेन्द्र कश्यप से मानी जा रही है। इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद उपमुख्यमंत्री कांधरपुर में पूर्व सांसद धर्मेन्द्र कश्यप के आवास पर पहुंचे, जहां दोनों नेताओं के बीच लंबी मंत्रणा का दौर चला। पूर्व सांसद कश्यप बरेली मंडल में ओबीसी राजनीति के दिग्गज चेहरों में शुमार होते हैं और सत्तारूढ़ भाजपा उनका महत्व बखूबी समझ रही है। लोकसभा चुनाव में पार्टी में अंदरखाने गुटबंदी और विरोध की वजह से धर्मेन्द्र कश्यप को हार का सामना करना पड़ा था। उसे लेकर पूर्व सांसद कश्यप खासे मुखर नजर आते हैं और खुलकर अपनी बात रखने से भी पीछे नहीं हटते हैं। धर्मेन्द्र की सियासी ताकत और कश्यप वोट बैंक पर उनकी मजबूत पकड़ किसी से छिपी नही हैं। यही वजह है कि सरकार और संगठन का कोई भी बड़ा चेहरा जब भी बरेली दौरे पर आता है तो काफिले कांधरपुर की ओर मुड़ना नहीं भूलते हैं। डिप्टी सीएम केशव और पूर्व सांसद कश्यप की खास मुलाकात को भी खास नजरिए से देखा जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने बाद में सर्किट हाउस में पार्टी नेताओं से मुलाकात व प्रेस वार्ता की। बाद में कलेक्ट्रेट के अंदर अफसरों सग समीक्षा बैठक कर वह लखनऊ रवाना हो गए।



## शिकायतों पर चढ़ा डिप्टी सीएम का पारा कई पर गिरेगी गाज



कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक करते उप मुख्यमंत्री सीएम केशव प्रसाद मौर्य।

**बरेली, अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक की तो जनप्रतिनिधि अफसरों के खिलाफ 'शिकायत बम'फोड़ने में पीछे नहीं रहे। डिप्टी सीएम ने सम्बंधित अधिकारियों की जमकर क्लास ली। कथित रूप से अवैध वसूली के आरोप में घिरे डिप्टी सीएमओ लईक अहमद और फरीदपुर एमओआईसी को पद से हटाने के निर्देश दिए। कहा कि वसूली का खेल कहीं भी नहीं चलने दिया जाएगा।

जल जीवन मिशन से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेकर 121 गांवों के भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए। साफ कहा कि दलाली किसी सूरत में नहीं चलने दी जाएगी। गेहूं खरीद में गड़बड़ी, अवैध खनन और भू-माफियाओं को संरक्षण देने वाले अफसरों को चेतावनी दी कि शिकायत सच मिली तो जिम्मेदार बच नहीं पाएंगे। तहसील और थाना स्तर पर जनसुनवाई इतनी मजबूत हो कि लोगों को लखनऊ न भागना पड़े। निर्माणाधीन हाईवे के कारण टूटने वाली ग्रामीण सड़कों को कार्यदायी संस्था से ही ठीक करवाने और चकमार्गों से अवैध कब्जे हटाने के लिए प्रशासन को सख्त डेडलाइन भी उन्होंने दी। बैठक में एडीजी रमित शर्मा, मंडलायुक्त भूपेन्द्र एस. चौधरी, डीआईजी अजय साहनी, डीएम अविनाश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य, सीडीओ देवयानी, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, बीडीए वीसी मडिकंडन. ए, एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्मार्ट मीटर को लेकर शिकायतों पर गंभीर

बिजली कटौती, स्मार्ट मीटर को लेकर शिकायतों पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अफसरों की जमकर क्लास ली। उन्होंने साफ कहा कि उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर लगवाना अनिवार्य नहीं है। पावर कारपोरेशन किसी पर दबाव न बनाए। बरेली में बढ़ती ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या पर नाराजगी जताते हुए सुधार की हिदायत दी। कहा कि शादी-ब्याह के आयोजनों में बिजली और गैस की निर्बाध आपूर्ति की जाए और जनप्रतिनिधियों की ओर से भेजी गई जायज समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए।

# आवासीय से कम दाम में मिलेगी उद्योग लगाने के लिए जमीन

- बीडीए ने इंडस्ट्रीयल टाउनशिप में 17 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर तय की दरें
- 126 हेक्टेयर में बसेगी टाउनशिप 244 करोड़ केवल भूमि खरीद पर होंगे खर्च

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने शहर में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को नई उड़ान देने के लिए इंडस्ट्रियल टाउनशिप के विकास की कवायद तेज कर दी है। दिल्ली हाईवे किनारे बसने वाली इस महात्वाकांक्षी परियोजना के लिए तीन किसानों से जमीन खरीदकर भुगतान भी कर दिया गया है। बीडीए ने परियोजना के आय-व्यय की पूरी कार्ययोजना भी तैयार कर ली गई है।

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकंडन ए. के अनुसार, रहपुरा जागीर, रसूला चौधरी और भिटौरा नौगवां जैसे क्षेत्रों में करीब 125 हेक्टेयर भूमि पर औद्योगिक विकास किया जाएगा। योजना की सबसे खास बात इसकी प्रतिस्पर्धी दरें हैं, जो उद्यमियों को निवेश के लिए आकर्षित कर रही हैं। पीलीभीत रोड पर प्रस्तावित आवासीय भूखंड की कीमत 24 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर रखी गई है, वहीं इंडस्ट्रियल टाउनशिप में उद्यमियों को मात्र 17 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। परियोजना को विश्वस्तरीय बनाने के लिए हाल ही में तीन कंसल्टेंट ने ले-आउट और डीपीआर को लेकर प्रेजेंटेशन दिया है।

### स्मार्ट सिटी से कम नहीं होगी यह टाउनशिप

बीडीए का दावा कि सुविधाओं के मामले में यह टाउनशिप किसी स्मार्ट सिटी से कम नहीं होगी। यहां उद्योगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एसटीपी, ई-चार्जिंग स्टेशन, भूमिगत विद्युतीकरण और सीयूजीएल गैस लाइन नेटवर्क जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके अलावा परिसर में ही बैंक, पोस्ट ऑफिस, फायर स्टेशन, मेडिकल सुविधा और श्रमिकों के लिए हॉस्टल की व्यवस्था भी होगी।

**इंडस्ट्रियल टाउनशिप में होंगे पांच श्रेणी के भूखंड :** इंडस्ट्रियल टाउनशिप में 750 वर्ग मीटर के 43, एक हजार वर्गमीटर के 36, दो हजार वर्ग मीटर के 10, पांच हजार वर्ग मीटर और दस हजार वर्ग मीटर के दो-दो भूखंड उपलब्ध होंगे।

# पुलिस घर पर मुस्तैद, आरोपी का परिवार जा पहुंचा केशव से मिलने

- सतीपुर के युवक को पुलिस ने 22 ग्राम स्मैक के साथ किया था गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सतीपुर के युवक से स्मैक बरामदगी के मामले में पुलिस कार्रवाई से नाराज परिजन शुक्रवार को डिप्टी सीएम से मिलने सर्किट हाउस पहुंचे, लेकिन उनकी मुलाकात नहीं हो सकी।

सतीपुर निवासी रंजीत मौर्य को पुलिस ने 22 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जेल में उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उस पीटा था। बहरहाल शुक्रवार को परिवार इंसाफ की मांग को लेकर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से मिलने सर्किट हाउस पहुंचा, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। पत्रकारों ने डिप्टी सीएम से मामले को लेकर सवाल किया, तो उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी। यदि पुलिस की गलती सामने आती है, तो संबंधित कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं परिवार का कहना है कि उनके घर के बाहर सादा वर्दी में पुलिस तैनात की गई है और उन्हें धमकाया जा रहा है।

### चेक करा लें सीसीटीवी

परिवार का कहना है कि सतीपुर में रंजीत और दरोगा में कहासुनी हुई थी। लोगों का कहना है कि रंजीत ने दरोगा के साथ धक्कामुक्की की थी। मामले की सत्यता जांचने के लिए वहां की सीसीटीवी चेक की जाए। अगर रंजीत गलत हो तो उन्हें सजा मिले। अगर उसकी गलती नहीं है तो छोड़ दिया जाए।

# परदेसी का खुले नाले में समा जाना बेहद गंभीर, आयोग ने मांगी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली




सेटेलाइट पर नाले में गिरने से तौहीद की मौत का मामला तूल पकड़ रहा।

- कमेटी ने जेई, सुपरवाइजर और सफाई निरीक्षक को माना है हादसे के लिए जिम्मेदार

**अमृत विचार:** सेटेलाइट बस अड्डे पर खुले नाले में गिरकर हरदोई निवासी ट्रक ड्राइवर तौहीद की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मानवाधिकार आयोग ने प्रशासन से विस्तृत जांच रिपोर्ट तलब की है।

इधर, पिछले दिनों अपर नगरायुक्त की अध्यक्षता में गठित जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी, जिसमें जूनियर इंजीनियर, सुपरवाइजर और सफाई निरीक्षक को प्रत्यक्ष रूप से दोषी ठहराया गया है। आयोग की इस सक्रियता से दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की उम्मीद बढ़ गई है।

24 मार्च की रात को हरदोई का रहने वाला नौजवान तौहीद रुद्रपुर उत्तराखंड से काम कर अपने घर लौट रहा था। तौहीद सेटेलाइट बस अड्डे पर खुले नाले के किनारे बस का इंतजार कर रहा था, तभी अचानक पैर फिसलने से वह गहरे नाले में समा गया। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, पुलिस और नगर निगम की टीमों ने व्यापक रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन नाले की गहराई और गंदगी के कारण करीब तीस घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ही उसका शव बरामद हो सका था। अब इस मामले में मानवाधिकार आयोग की से रिपोर्ट मांगे जाने पर एक बार मामला फिर सुर्खियां में आ गया है। बताया जाता है कि इस मामले में तौहीद के परिजनों ने मानवाधिकार आयोग की शरण ली, जिसके बाद रिपोर्ट मांगी गई है।

# अजहरी परचम से उर्स ए ताजुश्शरिया का आगाज, उमड़े अकीदतमंद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सुन्नी बरेलवी मुसलमानों के मजहबी रहनुमा मुफ्ती मोहम्मद अख्तर रजा खां (अजहरी मियां) का दो रोज़ा आठवां उर्स-ए-ताजुशरिया का आगाज शुक्रवार को बाद नमाज-ए-असर परचम कुशाई से शुरू हो गया। उर्स की सभी रस्में काज़ी-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती मोहम्मद असजद रज़ा खां कादरी की सरपरस्ती और जमात रज़ा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उर्स प्रभारी सलमान मियां व जमात रज़ा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान मियां की निगरानी में होंगी।

दरगाह ताजुश्शरिया पर बाद नमाज-ए-फजर कुरआन खवानी व नात-ओ-मनकबत की महफिल सजाई गई। दिन बार दरगाह पर हाजरी और गुलपोशी का सिलसिला चलता रहा। शाम को बाद नमाज-ए-असर जमात रजा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान मियां की क़यादत में परचमी जुलूस निकाले गए। पहला परचम जुलूस शाहबाद स्थित सैय्यद कैफ़ी के निवास से और दूसरा आजमनगर से अराफात कुरैशी के निवास से निकाला गया। परचमी जुलूस का जगह जगह फूलों से सभी लोगों ने जोरदार इस्तकबाल किया। जुलूस की क़यादत कर रहे काज़ी-ए-हिंदुस्तान के दामाद व जमात रज़ा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान मियां की दस्तारबन्दी की गई।

जुलूस का पैदल झंडा लेकर पीछे मोटरसाइकिल और पीर की मोहब्बत में जगह-जगह मसलके आला हजरत जिंदाबाद, बस्ती बस्ती करिया करिया ताजुश्शरिया ताजुश्शरिया, उर्स-ए-ताजुश्शरिया जिंदाबाद, कौन बना मेहमाने काबा ताजुश्शरिया ताजुश्शरिया के नारों से गूंजा शहर। दोनों जुलूस अपने क़दीमी रास्तों से कुतुबखाना चौराहा पहुंचे। वहां से बिहारीपुर ढाल होते हुए दरगाह आला हजरत पर हाजरी देते हुए दरगाह ताजुश्शरिया पर परचम कुशाई की रस्म काज़ी-ए-हिन्दुस्तान जानशीन-ए- हुज़ूर ताजुश्शरिया सज्जादानशीन मुफ़्ती मुहम्मद असजद रज़ा खां कादरी (असजद मियां) और देश-विदेश से आये उलमा व अकीदतमंदों की मौजूदगी में अपने हाथों अदा कर दुनियाभर में अमन-ओ- सूकून की दुआ की।



उर्स ए ताजुशरिया के मौके पर निकला परचम कुशाई जुलूस। ● अमृत विचार

- सज्जादानशीन मुफ़्ती असजद मियां ने अदा की रस्म

**उर्स की व्यवस्थाओं में इनका सहयोग :** हाफिज इकराम रजा खां, मौलाना आबिद नूरी, डॉक्टर महेंदी, शमीम अहमद, समरान खान, कौसर अली, यासीन खान, सय्यद अज़ीमुद्दीन अज़हरी, अब्दुल्ला रज़ा खां, मोईन खान, मोईन अख्तर, नदीम सुब्हानी, नावेद आलम, गुलाम हुसैन, रेहान अली, बक्तियार खान, सैफ रज़ा खां कादरी, जुनैद रज़ा, शाईबउद्दीन रजवी, मौलाना निजाम, एडवोकेट राशिद खान, अली रज़ा, फैज़ान अहमद अमन रज़ा, रहबर रज़ा खां, शाहबाज खान आदि का सहयोग रहा।

### देश-विदेश से लाखों जायरीन शहर पहुंचे

जमात रज़ा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उर्स प्रभारी सलमान मियां ने बताया मुख्य कार्यक्रम रात को उर्स स्थल सीबीगंज स्थित मदरसा जामियातुर रज़ा में बाद नमाज-ए-ईशा कारी शरफुद्दीन और कारी फैजू नबी ने कुरान शरीफ़ की तिलावत की। निजामत मौलाना गुलजार ने की। देश-विदेश से आए उलमा-ए-इकराम और सज्जादागान ने हुज़ूर ताजुशशरिया की जिंदगी पर रौशनी डाली। जमात रज़ा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान मियां ने बताया रात को 01 बजकर 40 मिनट पर सरकार मुफ्ती-ए-आज़म हिंद के कुल की रस्म अदा की गई।

### ऑनलाइन माध्यम से भी उर्स में जुड़ सकते हैं

जमात रज़ा के आईटी सेल प्रभारी अतीक अहमद ने बताया जो जायरीन किसी कारण से अपने पीर की मोहब्बत में उर्स में शिरकत नहीं कर पा रहे हैं वे लोग घर बैठकर उर्स में शिरकत कर सकते हैं। मिक्सर और यू ट्यूब पर 24 व 25 अप्रैल का लाइव प्रसारण पूरे विश्व में किया जाएगा।

### कुल की रस्म के साथ आज होंगे कई कार्यक्रम

25 अप्रैल शनिवार को जमात रज़ा के पूर्व प्रवक्ता समरान खान ने बताया दरगाह ताजुश्शरिया पर बाद नमाज-ए-फजर कुरआन खवानी व नात-ओ-मनकबत की महफिल सजाई जाएगी। सुबह 07 बजकर 10 मिनट पर सरकार ताजुश्शरिया के वालिद मुफस्सिर-ए-आज़म हिंद (जिलानी मियां) के कुल की रस्म अदा की जाएगी। उर्स स्थल सीबीगंज स्थित मदरसा जामियातुर रज़ा में बाद नमाज़-ए-जोहर उलमा-ए-इकराम और सज्जादागान की तकरीर होगी। फिर असर और मगरिब की नमाज़ अदा की जाएगी। इसके बाद शाम को 07 बजकर 14 मिनट पर मुफ्ती मोहम्मद अख्तर रजा खां (अजहरी मियां) के आठवें कुल की रस्म अदा की जाएगी। इसी के साथ दो रोज़ा उर्स-ए-ताजुश्शरिया का समापन हो जाएगा।

# उर्स सुरक्षा को फोर्स के 1000 जवान तैनात, ड्रोन से नजर

- चार एडिशनल एसपी और नौ सीओ कर रहे मॉनीटरिंग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** उर्स के मद्देनजर शहर में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया गया है। लाखों जायरीनों की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था में करीब 1000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

पूरे आयोजन को चार एडिशनल एसपी और नौ सीओ के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। इनके अधीन 31 इंस्पेक्टर, 105 दरोगा, 801 कांस्टेबल और 49 महिला कांस्टेबल तैनात किए गए हैं। सभी को अलग-अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की चूक न हो। इसके अलावा चार कंपनी पीएसी को भी तैनात किया गया है। पीएसी के जवान सीबीगंज और इस्लामिया ग्राउंड जैसे संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रख रहे हैं। खुफिया इकाई एलआईयू भी सक्रिय है और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है।

भीड़भाड़ वाले इलाकों में निगरानी के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। ड्रोन कैमरों के जरिए पूरे क्षेत्र पर नजर रखी जा रही है, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत जानकारी मिल सके। वहीं, आईसीसीसी (इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर) के कैमरों से भी शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। एसपी सिटी मानुस पारीक का कहना है कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और हर स्थिति से निपटने के लिए टीमें अलर्ट मोड पर हैं। आमजन से भी अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic
डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षो से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
* पतले-दुबले
* गाल पिचके
* कमजोर स्त्री-पुरुष
* मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
10 मई 2026, रविवार
24 मई 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# खाकी के दो रंग...गजब की लय और ताल, अनुशासन भी कमाल

बरेली पुलिस लाइंस में शुक्रवार को खाकी की कदम ताल और सामूहिक भोज के शानदार रंग नजर आए। एक ओर जहां प्रशिक्षण पूरा करने वालीं 783 महिला रिक्रूट आरक्षियों की 26 अप्रैल को प्रस्तावित पासिंग आउट परेड का शानदार रिहर्सल देखने को मिला। वहीं, जोन और रेंज से लेकर जिले तक सीनियर अधिकारियों के साथ पुलिसकर्मियों के 'बड़े खाने' की तस्वीरों ने महकमे की लय-ताल व अनुशासन की कहानी बयां की।

## रिहर्सल परेड में महिला आरक्षियों ने दिखाया दम



पुलिस लाइन में रिहर्सल करतीं प्रशिक्षु महिला आरक्षी। ● अमृत विचार





परेड की सलामी लेते एसएसपी अनुराग आर्या। ● अमृत विचार

**बरेली।** महिला महिला प्रशिक्षु आरक्षियों के रिहर्सल में अनुशासन, समन्वय और ड्रिल का गजब तालमेल दिखाई दिया। एसएसपी अनुराग आर्या ने एसएसपी ने परेड की व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधों और कार्यक्रम संचालन की गहन समीक्षा करते हुए दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान प्रशिक्षुओं को देश सेवा, कर्तव्यनिष्ठा और संविधान के प्रति पूर्ण समर्पण की शपथ दिलाई गई। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला आरक्षियों को 26 अप्रैल को आयोजित पासिंग आउट परेड में मुख्य अतिथि सम्मानित करेंगे।

## खाना अफसरों ने परोसा, कर्मचारियों ने खाया



पुलिसकर्मियों को खाना परोसते एडीजी जोन रमित शर्मा। ● अमृत विचार

**बरेली।** रिजर्व पुलिस लाइंस में शुक्रवार को एसएसपी अनुराग आर्या ने पारंपरिक बड़े खाने के रूप में कर्मचारियों के विशेष भोज का आयोजन कराया। एडीजी जोन रमित शर्मा, डीआईजी अजय साहनी के साथ सीनियर अधिकारियों ने सामूहिक खाने में कर्मचारियों को खुद खाना परोसा और प्यार से खिलाया। अफसरों के हाथों भोज सम्मान पाकर दरोगा, सिपाही व दूसरे कर्मचारी खुश नजर आए। वरिष्ठ अफसरों ने सबके साथ बैठकर खुद भी भोजन किया। पुलिस महकमे में यह परंपरा अधिकारी-कर्मचारियों के तालमेल को दर्शाती है, बल्कि कद और पद की दूरियों के बाद भी मिलकर आगे बढ़ने का संदेश देती है।

# बेदर्द बिजली पर रात में फूटा आक्रोश

## बत्ती गुल होने से अंधेरे में डूबे इलाके, हरूनगला स्टेशन का तीन बार घेराव, बुलानी पड़ी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गर्मी में सुचारू बिजली आपूर्ति के दावे धड़ाम होते नजर आ रहे हैं। गुरुवार रात शहर के कई इलाकों में पावर कट की वजह से घंटों अंधेरे के हालात रहे। गर्मी में तड़पते लोग गुस्से में आ गए। हरूनगला उपकेंद्र का उपभोक्ताओं ने एक ही रात में तीन बार घेराव कर डाला। लोगों में आक्रोश देखकर पुलिस तक बुलानी पड़ गई। पवन विहार-हरूनगला उपकेंद्र की 33 केवी लाइन में खराबी की वजह से संकट के हालात बने रहे।

पवन विहार बिजली उपकेंद्र की 33 केवी लाइन बृहस्पतिवार दोपहर दो बजे खराब हो गई, जिससे रात नौ बजे तक आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। इसी तरह हरूनगला उपकेंद्र की 33 केवी लाइन में भी खराबी आ गई। इन खराबी के कारण गणेशपुरम, सतीपुर, लक्ष्य फीडर, हरूनगला, भरतौल, पवन विहार और क्रिस्टल कॉलोनी जैसे इलाकों में सात घंटे तक बिजली गुल रही। उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में परेशानी झेलनी पड़ी। साधना उपकेंद्र के साहू गोपीनाथ स्कूल के पास एक ट्रांसफार्मर में आग लगने से भी बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इस क्षेत्र में लोगों को तीन घंटे तक बिजली कटौती का सामना करना पड़ा। महेंद्र नगर फेज दो में सुबह तीन बजे एक ट्रांसफार्मर में आग लग गई, जिसे शाम पांच बजे दूसरा ट्रांसफार्मर लगाकर ठीक किया जा सका। शहर के अन्य कई इलाकों में भी बृहस्पतिवार को स्थानीय फाल्ट के कारण बिजली आपूर्ति बाधित रही। इन फाल्ट के कारण कई क्षेत्रों में घंटों तक बिजली गुल रही, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ।

**तापमान बढ़ते ही फुकने लगे ट्रांसफार्मर-केबल :** तापमान में वृद्धि के साथ जहां बिजली की खपत बढ़ी है वहीं दूसरी ओर इससे ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने के साथ केबल भी जलने लगे हैं। साधना उपकेंद्र के साहू गोपीनाथ स्कूल के पास एक ट्रांसफार्मर में आग लगने से बिजली आपूर्ति ठप हुई। ऐसे में तीन घंटे लोगों को बिजली कटौती झेलनी पड़ी। महेंद्र नगर फेज दो में सुबह तीन बजे एक ट्रांसफार्मर में आग लग गई, जिसे शाम पांच बजे दूसरा ट्रांसफार्मर लगाकर ठीक किया जा सका। शुक्रवार को श्यामगंज के पास बंच केबल जलकर गिर गया। इसके कारण कई इलाकों में बिजली कटौती पांच घंटे के करीब रहे। वहीं रामपुर गार्डन जैसे पॉश इलाकों में तीन से चार घंटे बिजली कटौती शुक्रवार को हुई। लोगों को हेल्पडेस्क, जेई, एसडीओ किसी ने सही जानकारी नहीं दी।



हरुनगला इलाके में बिजली आपूर्ति बाधित होने पर सब स्टेशन पहुंचे लोग।

### जोगी नवादा में 11 हजार की लाइन का तार टूटकर गिरा, लोगों ने भागकर बचाई जान

**बरेली, अमृत विचार :** जोगी नवादा चावल मंडी के पास गुरुवार की देर रात 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर कई मकानों की छतों पर गिर गया। तार गिरते ही चिंगारियां उठीं और हल्की आग लगी। गर्मी के समय छत पर सो रहे लोगों भाग कर अपनी जान बचाई। मुन्नालाल, राजन, महेंद्र हलवाई, मनीष कुमार, नत्थू लाल, अजय, और पप्पू ने बताया कि जर्जर बिजली लाइनों की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। पहले भी इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन बिजली विभाग ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। पार्षद प्रतिनिधि प्रेम शंकर राठौर ने बताया कि इस समस्या को कई बार अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया, लेकिन हर बार आश्वासन ही मिला।

### निगम ने जब से स्मार्ट मीटर लगवाए, नई मुसीबत साथ लाए

भारी गर्मी में जब उपभोक्ता एक मिनट भी बिजली के बिन नहीं रह सकते, ऐसे समय में अगर रात-रात भर बत्ती गुल रहे तो क्या होगा ? विद्युत नियामक आयोग ने बिल जमा होने पर दो घंटे में कनेक्शन न जुड़ने पर जुर्माना लगाने की बात कही है मगर जमीनी हकीकत में ऐसा होता नहीं दिख रहा। कई कई दिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन नहीं जोड़े जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। समाधान के नाम पर बिजली दफ्तर के चक्कर लगवाए जा रहे हैं मगर अफसर अब भी बड़े-बड़े दावे कर कर रहे हैं। आम शिकायत है कि शिकायत दर्ज कराने को हेल्पलाइन नंबरों पर फोन ही नहीं उठा रहे। लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर पारदर्शिता और सुविधा के लिए लगाए गए थे, लेकिन यह व्यवस्था अब उपभोक्ताओं के लिए दोहरी मार साबित हो रही है। मार्च से अप्रैल के बीच प्रीपेड उपभोक्ताओं के रीचार्ज के बाद भी बिजली दो घंटे में न जोड़े जाने के मामले लगातार सामने आए हैं।

### मेंटीनेंस की गुणवत्ता पर भी अब उठने लगे कई तरह के सवाल

बिजली निगम लगातार मरम्मत कार्य करा रहा है। अफसर गर्मियों में निर्बाध आपूर्ति का दावा भी कर रहे थे पर उनकी हवा शुरुआती गर्मी में ही निकल गई है। रिवैंप, आरडीएसएस, बिजनेस प्लान, महानगर विस्तार समेत, स्मार्ट सिटी समेत अन्य योजना के कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठने लगे हैं।



फूलबाग निवासी दानिश जमाल ने बताया कि उनकी घर किला बिजलीघर के अंतर्गत आता है। इस भीषड़ गर्मी में लाइट की बहुत समस्या चल रही है, मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी स्मार्ट सिटी में 24 घंटे बिजली का दावा पूरी तरह से हवा-हवाई है। अघोषित बिजली कटौती से हर आदमी परेशान है। किसी दिन लोकल फाल्ट के नाम पर तो कभी लोड अधिक के नाम पर दिन-दिन भर बिजली गुल रहती है। जिससे आम जनमानस की दिन चर्या पूरी तरह से खराब हो चुकी है। विभाग से भी कोई निराकण जाने पर नहीं निकलता है।



डीडीपुरम के आटा व्यापारी जतिन अरोरा ने बताया कि बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। किसी का ओवरलोड नहीं बढ़ रहा है तो कही पर ट्रांसफॉर्म पूरी तरह से फेल है। जिसके कारण आए दिन उसे समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्मार्ट प्रिपेड मीटर लगने के बाद से बिजली व्यवस्था और ध्वस्त हो गई है। विभागों का चक्कर काटने पर भी कोई सुनने वाला नहीं है। इतना ही नहीं उन्होंने बताया कि उनके परिजन रात को छतों पर सोने को मजबूर हैं। बच्चे इस भीषण गर्मी में बहुत ज्यादा परेशान हो रहे हैं।



बंडिया निवासी नहीम अल्वी ने बताया कि पुराना बिजली बिल जमा करने के बाद भी उनके घर की लाइट काट दी गई। सबसे हैरानी की बात यह है कि बिजली कनेक्शन काटने के पहले एक भी मैसेज उन तक नहीं पहुंचा और सीधा बिजली गुल कर दी गई। ऐसे में अब वह पूरे परिवार के साथ गर्मी में रात काटने को मजबूर हैं। बिजली कार्यालय पहुंचने पर अफसर जवाब नहीं दे रहे।



पुरना शहर निवासी साजिद हुसैन ने कहा कि उनकी लाइट कट गई है। रोजाना बिजली विभाग के कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। आलम यह है कि उनका पूरा परिवार परेशान है और उनका कोई सुनने वाला नहीं है। अगर इसका निराकरण नहीं होता तो इस भीषड़ गर्मी में कमाना खाना तो बहुत दूर की बात है, जिंदा रहना ही मुश्किल हो जाएगा।

> कार्यालय में में आने वाले उपभोक्ताओं की समस्या सुन कर उसका फौरन निराकरण कराया जाता है। नए कनेक्शन पर स्मार्ट मीटर अनिवार्य किया गया है। जिसके कारण नए कनेक्शन पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। प्रीपेड मीटर की समस्याओं की शिकायतों को गंभीरता से लेकर उसका लगातार निस्तारण कराया जा रहा है।
> **- अंकित गंगवार**, अधिशासी अभियंता

# डायरिया का असर, बच्चा वार्ड फुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली



अस्पताल में लगातार पहुंच रहे मरीज। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी और लू (हीटवेव) का असर अब सीधे स्वास्थ्य सेवाओं पर दिखाई देने लगा है। मौसम विभाग की ओर से जारी हीटवेव अलर्ट के बीच जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। खासकर बच्चे डायरिया और बुखार की चपेट में तेजी से आ रहे हैं।

शुक्रवार को जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में स्थिति गंभीर रही। कुल 31 बच्चों को भर्ती किया गया, जिनमें 22 से अधिक बच्चे डायरिया से पीड़ित हैं। वार्ड की क्षमता फुल होने के कारण अस्पताल प्रशासन को अतिरिक्त व्यवस्था करनी पड़ी। कई मरीजों को इलाज के बाद छुट्टी भी दी गई, लेकिन नए मरीजों की लगातार आ रहे है। वहीं हीटवेव से निपटने के लिए इमरजेंसी के पास बनाए गए छह बेड के विशेष वार्ड की तैयारियां अधूरी है। इस वार्ड में पंखा और कूलर तो लगाए गए हैं, लेकिन एसी खराब पड़ा है, जिसे अब तक ठीक नहीं कराया गया है। वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप गुप्ता ने बताया कि बच्चों को इस मौसम में साफ पानी, संतुलित आहार और धूप से बचाव की बेहद जरूरत है।

● **हीटवेव वार्ड की तैयारियों पर उठे सवाल, नहीं चल रहा एसी**

### इलाज के लिए आए थे, दूसरा बेटा भी हुआ बीमार

माधोपुर के नरेंद्र ने बताया की उनके चार माह के बेटे को डायरिया हुआ था। इलाज कराने के लिए जिला अस्पताल आए थे। गर्मी लगने से उनका बड़ा बेटा केशव (5) भी डायरिया पीड़ित हो गया। दोनों बच्चों का इलाज एक ही बेड पर चल रहा है।

## एटीआई पर रोडवेज परिचालकों से वसूली करने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार:** रोडवेज में सहायक टिकट निरीक्षक (एटीआई) पर परिचालकों से अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगे हैं। मामला उझानी क्षेत्र का है, जहां बरेली डिपो की दिल्ली जा रही बस को रोककर परिचालक से रुपये मांगने का आरोप लगा है।

बताया जा रहा है कि एटीआई भानु प्रताप सिंह ने चेकिंग के नाम पर बस को रोका और परिचालक पर रुपये देने का दबाव बनाया। इस दौरान दोनों के बीच तीखी बहस भी हुई। पूरी घटना का वीडियो वायरल कर दिया गया, जिसके बाद मामला विभागीय स्तर पर चर्चा में आ गया। डिपो प्रबंधक का कहना है कि पूरे मामले की जांच कराई जा रही है और तथ्य सामने आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बसों में लगातार मिल रही अनियमितताओं ने भी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शुक्रवार को भी मुख्यालय की टीम ने बदायूं के बिसौली में एक बस को पकड़ा।

# सड़कों पर कई जगह वाहन भिड़े महिला समेत तीन की गई जान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **कुदेशिया पुल पर बस से टकराई कार, महिला ने तोड़ा दम**

● **अज्ञात वाहन से कुचलकर बाइक सवार शिक्षक की मौत**

**अमृत विचार :** सड़क हादसों में महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। एक घटना में शादी से लौट रही महिला ने दम तोड़ दिया और उसके पति की हालत गंभीर बनी हुई है। दूसरी घटना में युवक को अज्ञात वाहन ने चपेट में लिया। तीसरी घटना में स्कूल से लौट रहे शिक्षक को तेज रफ्तार वाहन ने रौंद दिया।

भोजीपुरा के थाना भूडा निवासी राज बहादुर परचून व्यापारी हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार की रात बदायूं में शादी समारोह से कार से घर आ रहे थे। कार में उनकी पत्नी राजबाला, बेटा शुभ और बेटी रेनू थे। रात 12 बजे के लगभग कुदेशिया फाटक ओवरब्रिज पर सामने से आ रही रोडवेज बस ने उनकी कार को टक्कर मार दी। राजबाला की मौत हो गई। जबकि अन्य लोग घायल हो गए। वहीं कोतवाली के बिहारीपुर निवासी रमेश यादव के बेटे दुर्गेश यादव भुता के अभयपुर में शिक्षक थे। परिजनों ने बताया कि वह गुरुवार की दोपहर छुट्टी के बाद बाइक से घर आ रहे थे। बड़ा बाइपास पर पुल के पास उन्हें तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में उनकी मौत हो गई।

### ड्यूटी पर जा रहे युवक को वाहन ने कुचला



बारादरी के जोगी नवादा निवासी वीरेंद्र का बेटा मनीष (32) शुक्रवार सुबह ड्यूटी करने जा रहा था। परसाखेड़ा के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घर से निकलने के आधे घंटे बात उसकी मौत का समाचार पुलिस ने दिया तो परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस सीसीटीवी की चेकिंग कर ट्रक की जानकारी जुटा रही है। पुलिस के मुताबिक यह हादसा ट्रक ने किया है।

### ट्रेन से गिरकर झारखंड के युवक का पैर टूटा

**बरेली, अमृत विचार :** झारखंड के ग्राम बरकाटन जिला लातेहार निवासी इन्द्रदेव (30) ने बताया कि ट्रेन में भीड़ बहुत ज्यादा थी जिसके कारण वह गेट पर खड़ा था। उसे चक्कर आया और वह चलती ट्रेन से गिर गया। वह त्रिपुरा से रांची जा रहा था। हादसे में उसका एक पैर टूट गया है और चेहरे पर भी गंभीर चोटें आई हैं। जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। ध्यान रहे कि हाल ही में बरेली जंक्शन पर भी एक युवक टीटीई को देख कर कूद गया था। जिससे उसका पैर टूट गया था।

# रिंग रोड निर्माण अटका किसानों का धरना तेज

**सीबीगंज ,अमृत विचार:** झुमका तिराहा से बदायूं रोड तक बन रही रिंग रोड परियोजना में मुआवजा न मिलने से नाराज किसानों का विरोध तेज हो गया है। पस्तोर और आसपास के गांवों के किसानों ने निर्माण कार्य रोकते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। काम पूरी तरह ठप है।

किसानों का आरोप है कि उनकी जमीन का अधिग्रहण तो कर लिया गया, लेकिन अब तक मुआवजा नहीं दिया गया है। गुस्साए किसानों ने निर्माणाधीन सड़क पर पानी भरकर काम रोक दिया और मौके पर ही धरने पर बैठ गए। सूचना पर शुक्रवार को थाना पुलिस, राजस्व विभाग के हल्का लेखपाल और खुफिया टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। इसी दौरान एनएचएआई की टीम भी मौके पर पहुंची और किसानों से बातचीत की। एनएचएआई अधिकारियों ने कहा कि जिन किसानों के दस्तावेज प्राप्त हो रहे हैं, उन्हें नियमानुसार मुआवजा दिया जा रहा है और प्रक्रिया जारी है।

● **एनएचएआई की टीम भी मौके पर पहुंची, किसानों से की बातचीत, नतीजा शून्य**

वहीं, पार्षद ज्ञानप्रकाश लोधी ने कहा कि प्रशासन के साथ बातचीत में तय हुआ है कि जब तक प्रभावित किसानों को मुआवजा नहीं मिल जाता, तब तक निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ेगा।

## कैंसर से जूझ रही मां को बेटे ने पीटा रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार:** रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला एक मामला सामने आया है, जहां कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही मां को उसकेबेटे ने पीट दिया। दर्द और बेबसी से टूटी मां न्याय की उम्मीद लेकर थाने पहुंची।

मामला सुभाषनगर थाना क्षेत्र के बेहटी देह जागीर गांव का है। यहां रहने वाली सुदामा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उनके बेटे अरुण सिंह ने उनके साथ मारपीट की। वह कैंसर से पीड़ित हैं और कमजोर हालत में हैं। बेटा आए दिन गाली गलौज कर हाथ उठता रहता है। उन्होंने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अरुण सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डायवर्जन : शहर में निकलें मगर बदले रूट देखकर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में उर्स ए ताजुश्शरिया और होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर रूट डायवर्जन किया गया है। 25, 26 और 27 अप्रैल को प्रस्तावित होमगार्ड इनरोलमेंट परीक्षा को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बड़े बदलाव किए गए हैं। प्रशासन ने भारी भीड़ और वाहनों के दबाव को ध्यान में रखते हुए डायवर्जन प्लान जारी किया है।

इसके तहत शहर में घुसने वाले भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगाया गया है। शुक्रवार की रात और शनिवार दो दिनों में पुराना रोडवेज बस स्टैंड पूरी तरह बंद रहेगा और सभी बसों का संचालन सैटेलाइट बस स्टैंड से किया जाएगा। प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे मिनी बाईपास और इज्जतनगर तिराहे की ओर जाने से बचें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। उर्स में लाखों जायरीन के आने की संभावना है, जिससे यातायात प्रभावित हो सकता है।

● **पुराना रोडवेज बस स्टैंड बंद रहेगा, सेटेलाइट से चलेंगी बसें**

**भारी वाहन प्रतिबंधित:** शुक्रवार और शनिवार को झुमका तिराहा, रोड नंबर-01 परसाखेड़ा और मिनी बाईपास से मथुरापुर की ओर सभी भारी वाहन और रोडवेज बसों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। रामपुर, मुरादाबाद, नैनीताल, पीलीभीत और बदायूं की ओर से आने वाले भारी वाहनों के लिए बाईपास मार्ग निर्धारित किए गए हैं। दिल्ली और रामपुर से आने वाली रोडवेज बसें झुमका तिराहे से विलवा होते हुए गुजारी जाएंगी।

### सिटी के अंदर भी यातायात में बदलाव लागू

शुक्रवार की रात से 25 अप्रैल रात 12 बजे तक मिनी बाईपास और झुमका तिराहे से मथुरापुर की ओर चार पहिया वाहन, ऑटो और ई-रिक्शा प्रतिबंधित रहेंगे। इसके अलावा कुदेशिया अंडरपास, श्यामतगंज, पटेल चौक, चौपला, कुतुबखाना और बरेली कॉलेज के आसपास भी ई-रिक्शा और ऑटो पर रोक रहेगी।

### परीक्षार्थियों के लिए जारी खास निर्देश

होमगार्ड भर्ती परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को समय से पहले घर से निकलने की सलाह दी गई है। जिनके परीक्षा केंद्र सीबीगंज, मिनी बाईपास, किला क्रॉसिंग और बिहारीपुर क्षेत्र में हैं, वे अतिरिक्त समय लेकर चलें ताकि देरी न हो।

### बरेली कॉलेज में अलग प्रवेश व्यवस्था

बरेली कॉलेज में परीक्षा के दौरान स्टाफ का प्रवेश पूर्वी गेट से और परीक्षार्थियों का प्रवेश पश्चिमी गेट से कराया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी और सभी से सहयोग की अपेक्षा की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### बर्थडे पार्टी में युवक को किया घायल

बरेली, अमृत विचार : किला थाना क्षेत्र में एक बर्थडे पार्टी में युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। शादाब मियां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 22 अप्रैल की रात एक बर्थडे पार्टी में शामिल होने गया था। वहां मुजम्मिल खान और उसके दो साथियों ने उस पर हमला कर दिया। मुजम्मिल ने धारदार हथियार से शादाब के सिर पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य साथियों ने भी लात-घूंसों से मारपीट की और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर किला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मुस्लिम महिलाओं को गुमराह कर रहे कुछ लोग : शहाबुद्दीन

बरेली, अमृत विचार : आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने स्पष्ट किया है कि इस्लाम में महिलाओं के मस्जिद में प्रवेश पर कोई प्रतिबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि इतिहास के अनुसार पैग़म्बर-ए-इस्लाम के दौर में महिलाएं मस्जिदों में जाकर पुरुषों के साथ जमात में नमाज़ अदा करती थीं। कुछ मस्जिदों से शिकायतें मिलने पर खलीफाओं ने एहतियातन महिलाओं को घर पर नमाज पढ़ने की सलाह दी थी। इस दौरान यह भी कहा गया कि महिलाओं को घर पर नमाज पढ़ने पर भी उतना ही सवाब मिलेगा जितना मस्जिद में। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग इस मुद्दे को उछालकर मुस्लिम महिलाओं को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

### दिव्यांग दंपती को मिलेगी 35 हजार की प्रोत्साहन राशि

बरेली, अमृत विचार : जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी चमन सिंह ने बताया कि 'दिव्यांग शादी प्रोत्साहन पुरस्कार योजना' के तहत युवक के दिव्यांग होने पर 15 हजार, युवती के दिव्यांग होने पर 20 हजार और दोनों के दिव्यांग होने पर 35 हजार की सहायता राशि दी जाएगी।

# ताजुश्शरिया से मुहब्बत है तो शरीअत की हर बात मानो

कार्यालय संवाददाता बरेली

- रजा एक्शन कमेटी ने सजाई उर्स-ए-ताजुश्शरिया की महफिल

अमृत विचार: ऑल इंडिया रज़ा एक्शन कमेटी और आरएसी ट्रस्ट ने उर्स-ए-ताजुश्शरिया के मौके पर अकीदतों भरी महफिल सजाई है। आरएसी मुख्यालय बैतुर्रजा पर उर्स-ए-ताजुश्शरिया की तकरीबात सुबह कलाम-ए-पाक की तिलावत के साथ शुरू हुईं। फिर दो-रोजा लंगर शुरू कर दिया गया।

नबीरा-ए-आला हज़रत दामाद-ए-अमीने शरीअत खलीफा-ए-ताजुश्शरिया हजरत अफरोज रजा कादरी सरपरस्ती कर रहे हैं और नबीरा-ए-आला हजरत व आरएसी के अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा कादरी सदारत कर रहे हैं। उन्होंने पैगाम दिया कि हुजूर ताजुश्शरीया से मुहब्बत का दावा है तो हमें शरीअत की हर बात माननी है। यही उनको सच्चा खिराज-ए-अकीदत है। उलामा की तक़रीरों, नातो-मनक़बत के बाद क़ुल शरीफ होगा। आखिर में हजरत अदनान रजा कादरी खुसूसी दुआ फरमाएंगे।

# बिना रॉयल्टी दिए यूपी में घुस रहे ओवरलोड ट्रक व डंपर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मुख्यमंत्री तक पहुंची शिकायत ओवरलोडिंग के खेल का पर्दाफाश करने की मांग
- ट्रांसपोर्टरों का आरोप-बाजपुर और हल्द्वानी से बरेली तक फैला अवैध खनन का जाल



अमृत विचार : उत्तराखंड की सीमा से होने वाले रेत-बजरी के अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग को लेकर फिर हलचल तेज हो गई है। मामले की शिकायत साक्ष्यों के साथ मुख्यमंत्री को पत्र लिख की गई है।

बिथरी चैनपुर के गांव अहिलादपुर निवासी आदेश पांडेय और अन्य ट्रांसपोर्टस का आरोप है कि बाजपुर और हल्द्वानी से आने वाले ओवरलोड डंपर बेखौफ होकर उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश कर रहे हैं। इस अवैध कारोबार के कारण न केवल सड़कों की हालत खस्ता हो रही है, बल्कि आए दिन भीषण सड़क हादसों का खतरा भी बना रहता है।

शिकायत में सीधे तौर पर खनन और परिवहन विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। आरोप है कि विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से यह सिंडिकेट लंबे चल रहा है, जो बिना उचित खनन शुल्क दिए राज्य में प्रवेश कर रहे हैं। इससे सरकार को राजस्व का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह मामला इसलिए भी गंभीर है क्योंकि इसी वर्ष जनवरी में बहेड़ी क्षेत्र के नैनीताल रोड पर खनन माफियाओं के दुस्साहस की एक बड़ी घटना सामने आई थी। तब जांच करने गई खनन विभाग और पुलिस की टीम पर माफियाओं ने ओवरलोड ट्रक चढ़ाने की कोशिश की थी, जिसमें एक सब-इंस्पेक्टर घायल हुए थे।

उस समय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 37 वाहनों को जब्त कर 24 लोगों को गिरफ्तार किया था। एसोसिएशन का कहना है कि प्रशासन को बार-बार आगाह करने के बावजूद 395 क्विंटल की क्षमता वाले ट्रकों में 700 क्विंटल तक माल ढोया जा रहा है। यह स्थिति उन कारोबारियों के लिए जी का जंजाल बन गई है जो ईमानदारी से नंबर एक में व्यापार कर रहे हैं।

> ओवरलोडिंग को लेकर जिले की सीमाओं पर संयुक्त टीमें कार्रवाई कर रही है। कुछ दिन पहले भी बहेड़ी में कई वाहन सीज किए गए थे। ऐसे वाहनों पर शिकंजा कसने के लिए शासन से भी सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।
>
> -वैभव सोती, एआरटीओ प्रवर्तन

# भीड़ के मद्देनजर विशेष ट्रेनें शुरू

## शुक्रवार की शाम तक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों में आगामी तिथियों के लिए बर्थ उपलब्ध

कार्यालय संवाददाता, बरेली



अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने ग्रीष्मकालीन भीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए कई विशेष ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। शुक्रवार की शाम तक विभिन्न ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों में आगामी तिथियों के लिए बर्थ-सीट उपलब्ध हैं।

रेलवे के अनुसार, 30 अप्रैल को चलने वाली लालकुंआ-कोलकाता विशेष ट्रेन में एसी द्वितीय श्रेणी में 30 तथा एसी तृतीय इकोनॉमी में 109 सीटें खाली हैं। वहीं, 27 अप्रैल की कोलकाता-गोरखपुर विशेष ट्रेन में एसी प्रथम श्रेणी में 8, द्वितीय श्रेणी में 46 और तृतीय श्रेणी में 135 बर्थ उपलब्ध हैं। 25 अप्रैल को गोरखपुर से नई दिल्ली जाने वाली विशेष ट्रेन में एसी तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 442 सीटें उपलब्ध हैं। इसी दिन लालकुंआ-गोरखपुर विशेष ट्रेन में एसी प्रथम श्रेणी में 14, द्वितीय में 72 तथा तृतीय श्रेणी में 225 बर्थ खाली हैं। इसके अलावा, गोरखपुर-अलीपुर द्वार विशेष ट्रेन में 25 अप्रैल को एसी प्रथम श्रेणी में 18, द्वितीय में 64, तृतीय में 479 तथा शयनयान श्रेणी में 46 सीटें उपलब्ध हैं। छपरा-कोलकाता विशेष ट्रेन में 27 अप्रैल को एसी द्वितीय में 78, तृतीय में 188 और तृतीय इकोनॉमी में 14 बर्थ उपलब्ध हैं। 30 अप्रैल को गोरखपुर-दिल्ली विशेष ट्रेन में एसी तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 780 सीटें खाली हैं। वहीं, 29 अप्रैल को गोरखपुर-योगनगरी ऋषिकेश विशेष ट्रेन में एसी द्वितीय श्रेणी में 5 तथा शयनयान में 205 सीटें उपलब्ध हैं। गाजीपुर सिटी-हुब्बल्ली विशेष ट्रेन में 30 अप्रैल को एसी द्वितीय श्रेणी में 18 और शयनयान में 8 सीटें उपलब्ध हैं। गोमतीनगर-कोलकाता विशेष ट्रेन में 29 अप्रैल को एसी तृतीय में 15 और शयनयान में 271 बर्थ खाली हैं। मऊ-प्रतापनगर विशेष ट्रेन में 26 अप्रैल को एसी प्रथम श्रेणी में 13 तथा द्वितीय में 24 सीटें उपलब्ध हैं। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे इन विशेष ट्रेनों में उपलब्ध सीटों का लाभ उठाते हुए समय पर अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

### ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष ट्रेन निरस्त

बरेली, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे के जनसम्पर्क विभाग ने परिचालनिक कारणों से 05009/05010 गोरखपुर-लालकुआं-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष ट्रेन के 11 फेरों को निरस्त करने का निर्णय लिया है। 1 मई से 10 जुलाई तक गोरखपुर से चलने वाली 05009 गोरखपुर-लालकुआं विशेष गाड़ी और 2 मई से 11 जुलाई तक लालकुआं से चलने वाली 05010 लालकुआं-गोरखपुर विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर लें, जिससे असुविधा से बचा जा सके।

### ट्रेनों की रफ्तार थमी, कई गाड़ियां घंटों लेट

बरेली, अमृत विचार : बरेली जंक्शन पर शुक्रवार रात ट्रेनों की रफ्तार थमी नजर आई। कई प्रमुख ट्रेनें निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। 04013 जननायक एक्सप्रेस करीब 2 घंटे 10 मिनट देरी से चल रही थी। 04623 अमृतसर एक्सप्रेस भी लगभग 5 घंटे 20 मिनट लेट दर्ज की गई। वहीं 22453 मेरठ सिटी-लखनऊ एक्सप्रेस करीब 1 घंटा 48 मिनट और 12469 जम्मूतवी एक्सप्रेस करीब 1 घंटा 55 मिनट विलंब से चल रही थी। इसके अलावा 13007 फिरोजपुर-रांची एक्सप्रेस लगभग 2 घंटे, 13005 अमृतसर-हावड़ा एक्सप्रेस करीब 1 घंटा 30 मिनट और 15119 देहरादून एक्सप्रेस भी विलंब से पहुंचने की सूचना रही। ट्रेनों के लगातार लेट होने से प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई। खासकर रात में सफर करने वाले यात्रियों को इंतजार करना पड़ा। स्टेशन प्रशासन ने यात्रियों से ट्रेन का स्टेटस देखकर ही स्टेशन आने की अपील की है।

# फर्जी दस्तावेजों से जमीन बिक्री का आरोप, 11 पर रिपोर्ट

सीबीगंज, अमृत विचार: पैतृक जमीन को धोखाधड़ी से बेचने के मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पीलीभीत तहसील सदर में तैनात एसडीएम के पेशकार की पत्नी समेत 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। खलीलपुर रोड निवासी हरिओम शर्मा पुत्र अशर्फी लाल ने बताया कि पस्तोर गांव में उनकी पैतृक जमीन है। उनके सह खातेदार अनिल शर्मा, निवासी नरेला (दिल्ली) ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन संजय रॉयल पार्क, पीलीभीत निवासी सुगंध मौर्य पत्नी नरेश मौर्य को बेच दिया। नरेश मौर्य तहसील सदर में पेशकार है। विरोध करने पर जमीन में जिंदा दफना देने की धमकी दी गई। जमीन वापस करने के एवज में 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर पीड़ित ने अदालत की शरण ली। कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने अनिल शर्मा, मनोज कुमार, राकेश कुमार, राम सिंह, सूरज प्रकाश, सुधीर कुमार, संतोष यादव, राजू, सुगंध मौर्य, चंद्र सेन और लोकेश मौर्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

# रुहेलखंड विश्वविद्यालय भर्ती में अनियमितता की जांच के आदेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत के बाद उच्च शिक्षा निदेशक को सौंपी गई जांच

अमृत विचार: एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में 24 फरवरी को हुई भर्ती प्रक्रिया को लेकर उठे विवाद के बाद शासन ने जांच के आदेश दे दिए हैं। मामले की जांच अब उच्च शिक्षा निदेशक स्तर से कराई जाएगी। यह कार्रवाई जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायत के आधार पर की गई है।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव रहा और विश्वविद्यालय प्रशासन ने कई तथ्यों को छिपाने का प्रयास किया। शिकायत में यह भी कहा गया कि दस्तावेजों की जांच के दौरान बाहरी लोगों को शामिल किया गया। जिससे प्रक्रिया की गोपनीयता भंग हुई। इसके अलावा शिकायतकर्ता ने कहा कि जनसुनवाई पोर्टल पर विश्वविद्यालय की ओर से जो जवाब प्रस्तुत किया गया। उस पर न तो कुलपति और न ही कुलसचिव के हस्ताक्षर थे। जिससे जवाब की वैधता पर भी सवाल खड़े हुए हैं। शिकायतकर्ता ने पूरी भर्ती प्रक्रिया को महज औपचारिकता करार देते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की थी। वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपने पक्ष में कहा है कि भर्ती प्रक्रिया विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के मानकों, निर्धारित वेतनमान और राज्यपाल के निर्देशों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई है। शासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की जिम्मेदारी उच्च शिक्षा निदेशक को सौंप दी है। साथ ही जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायत के निस्तारण की समय सीमा 6 मई निर्धारित की गई है। अब जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।

## सिटी डायरी

### मजदूर दिवस कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर



बरेली, अमृत विचार : मजदूर दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन की ओर से पर्चा छपवाकर वितरण किया जा रहा है। यूनाइटेड फोरम बरेली जीवन बीमा निगम, संयुक्त परिषद, बरेली कॉलेज, पीडब्ल्यूडी में गेट मीटिंग कर पर्चे का वितरण किया गया। पर्चा वितरण में डॉ. जय कुमार, जितेंद्र मिश्रा, सलीम अहमद, रिजवान अख्तर, नारायण दत्त जोशी, राकेश सक्सेना, अशोक, निसार, कैलाश आदि का सहयोग रहा। संचालन महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने किया।

### छात्राओं को जीवन रक्षक तकनीक की दी जानकारी



बरेली, अमृत विचार : सिविल डिफेंस की ओर से चलाए जा रहे जागरूकता सप्ताह के तहत हर धड़कन की कीमत समझें, सीपीआर जरूर जानें श्रृंखला के चौथे दिन शुक्रवार को द्रौपदी कन्या इंटर कॉलेज साहूकारा में छात्राओं और शिक्षिकाओं को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) का प्रशिक्षण दिया गया। डिवीजनल वार्डन अन्जय कुमार अग्रवाल ने बताया कि सीपीआर ऐसी आपात स्थिति में दिया जाता है। जब किसी व्यक्ति की सांस और नाड़ी दोनों रुक जाती हैं। प्रधानाचार्या डॉ. रामश्री सहित विद्यालय की शिक्षिकाएं और सिविल डिफेंस के विभिन्न पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम उपनियंत्रक राकेश मिश्र के निर्देशन और डिप्टी चीफ वार्डन रंजीत वशिष्ठ के प्रोत्साहन में आयोजित हुआ।

### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में इतिहास और राष्ट्र चेतना पर जोर



बरेली, अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट की ओर से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को आस्था, इतिहास, राष्ट्रीय स्वाभिमान, सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने पर जोर दिया गया। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने सोमनाथ मंदिर को भारतीय अस्मिता और पुनरुत्थान का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि देश के आत्मगौरव का प्रतीक है। फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट की डीन प्रो. डॉ. तूलिका सक्सेना ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को सोमनाथ के गौरवशाली इतिहास और भारतीय संस्कृति के साहसिक मूल्यों से परिचित कराना है। नोडल अधिकारी डॉ. प्रेमपाल सिंह ने सोमनाथ के ऐतिहासिक महत्व और राष्ट्रीय चेतना के साथ उसके संबंध को विस्तार से रखा। वैशाली विश्वकर्मा, डॉ. ऋचा, डॉ. सुनील, बाल प्रताप, नेहा कठेरिया और मेघा जोशी का योगदान रहा।

### आईवीआरआई में अत्याधुनिक टीचिंग कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास



बरेली, अमृत विचार : भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में तीन मंजिला अत्याधुनिक टीचिंग कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास किया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के उप महानिदेशक (पशु विज्ञान) एवं संस्थान के निदेशक राघवेंद्र भट्टा ने आधारशिला रखी। कॉम्प्लेक्स में 100-100 विद्यार्थियों की क्षमता वाले पांच स्मार्ट क्लासरूम बनाए जाएंगे। इसके साथ ही दो परीक्षा कक्ष, समिति कक्ष, स्टाफ रूम, कार्यालय और एक समर्पित कम्युनिटी कनेक्ट सेंटर भी बनेगा। राघवेन्द्र भट्टा ने कहा कि 24 माह में काम पूरा करने के निर्देश दिए। संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) एसके मेंदीरत्ता ने इसे उच्च स्तरीय शिक्षण वातावरण विकसित करने की दिशा में अहम पहल बताया। केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान के निदेशक जेएस त्यागी, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) एसके सिंह, संयुक्त निदेशक (प्रसार) रूपसी तिवारी और संयुक्त निदेशक (कैडरैड) सोहिनी दे मौजूद रहे।

### मांगों को लेकर आयकर कर्मियों ने दिया धरना



बरेली, अमृत विचार : सेंट्रल जेसीए नई दिल्ली के आह्वान पर 10 सूत्रीय मांगों को लेकर आयकर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने शुक्रवार को मुख्य आयकर आयुक्त के कक्ष के बाहर सामूहिक धरना दिया। हड़ताल का नेतृत्व करते हुए जोनल सचिव कुलदीप गंगवार ने कहा कि कैडर रिव्यु को अंतिम रूप देने, ऑल इंडिया सीनियरिटी लिस्ट जारी करने और लैपटॉप उपलब्ध कराने जैसी प्रमुख मांगें उठाईं। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। भविष्य के संघर्षों के लिए सभी से एकजुट रहने की अपील की धरने में अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, सुरेंद्र वर्मा सहित भारी संख्या में आयकर राजपत्रित अधिकारी और कर्मचारी महासंघ के सदस्य शामिल हुए।

# सड़क चौड़ीकरण का विरोध व्यापारियों ने जताया आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर जताई आपत्ति

अमृत विचार : कोहाड़ापीर से नंदी हाइट्स के पास स्थित पुलिया तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण को लेकर स्थानीय व्यापारियों और निवासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। व्यापारी एकता सड़क चौड़ीकरण सुधार संघर्ष समिति के बैनर तले नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर लोगों ने गंभीर आपत्ति जताई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि संबंधित मार्ग की चौड़ाई पिछले कई दशकों से 16 से 18-19 मीटर तक निर्धारित है और यह सरकारी अभिलेखों के अनुरूप है। व्यापारियों का दावा है कि सड़क के दोनों ओर स्थित सभी निर्माण वैधानिक स्वीकृत नक्शों के आधार पर किए गए हैं और कहीं भी अतिक्रमण नहीं है। इसके बावजूद नगर निगम द्वारा हाल ही में कराई गई नाप-जोख में अधिक चौड़ाई दिखाकर निजी संपत्तियों पर निशान लगाए गए हैं। व्यापारियों का आरोप है कि सीएम ग्रिड योजना के नाम पर बिना अधिग्रहण प्रक्रिया अपनाए निजी संपत्तियों को अतिक्रमण घोषित किया जा रहा है। इससे क्षेत्र में भय और असमंजस का माहौल है। उन्होंने मांग की है कि कोलतार सड़क के केंद्र से पुनः नाप कराई जाए और वैध निर्माणों पर जारी नोटिस निरस्त किए जाएं। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि बिना कानूनी प्रक्रिया के कार्रवाई की गई तो व्यापारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वहीं, मामले में जनप्रतिनिधियों से भी हस्तक्षेप की मांग की गई है। विष्णु अग्रवाल, सुदेश अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, सरदार परमजीत सिंह समेत अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# इज्जतनगर रेलवे अस्पताल होगा हाईटेक 51 लाख के लगेंगे चिकित्सा उपकरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आईआरएफसी और मंडल चिकित्सालय के एमओयू पर किए गए हस्ताक्षर
- अस्पताल के आधुनिकीकरण से मरीजों को कई गंभीर रोगों के उपचार को भटकना नहीं होगा



एमओयू का आदान-प्रदान करते अधिकारी। • अमृत विचार

अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल स्थित मंडल रेलवे चिकित्सालय में अब स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाने की दिशा में एक अहम पहल की गई है। शुक्रवार को इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन (आईआरएफसी) और मंडल चिकित्सालय के बीच एक महत्वपूर्ण सहमति (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए हैं। इसके तहत अस्पताल को अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।

एमओयू में रेलवे की ओर से अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. यूएस नाग और आईआरएफसी की ओर से अपर महाप्रबंधक (वित्त) नव गोयल मौजूद रहे। इस समझौते के तहत आईआरएफसी की तरफ से लगभग 51.29 लाख रुपये की लागत से चार आधुनिक उपकरण वाईएजी लेजर मशीन, दो ऑपरेशन थिएटर टेबल और एबीएस एसडी थ्री-इन-वन लिपो पावर पीएएल मशीन के लिए वित्तीय सहयोग दिया जाएगा। अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि इन उपकरणों से मरीजों को कई जटिल उपचार स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगे। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. यूएस नाग ने इसे रेलवे कर्मचारियों और उनके आश्रितों के लिए बड़ी राहत बताया।

# पीएनजी कनेक्शन होने के बाद भी लोग नहीं छोड़ रहे एलपीजी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 50 हजार उपभोक्ताओं को नोटिस, एक महीने में नहीं हुआ एक भी सिलेंडर सरेंडर

अमृत विचार : गैससंकट के बीच प्रशासन ने आदेश दिया था कि जिन उपभोक्ताओं के घरों में पीएनजी कनेक्शन है, उन्हें तीन महीने के भीतर अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करना होगा। सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड ने भी 50 हजार उपभोक्ताओं को संदेश भेजे, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि एक महीना बीतने के बाद भी अभी तक एक भी उपभोक्ता ने कनेक्शन सरेंडर नहीं किया है।

सीयूजीएल के अधिकारी बताते हैं कि शहर के अति सघन मोहल्लों को छोड़ दिया जाए तो करीब 75 फीसदी हिस्से में पीएनजी की पाइपलाइन बिछ चुकी है। इन क्षेत्रों के 95 फीसदी उपभोक्ता ऐसे हैं जिनके पास एलपीजी और पीएनजी दोनों हैं। वे पुराना कनेक्शन छोड़ने को तैयार नहीं हैं। सीयूजीएल के प्रतिनिधि ने बताया कि आने वाले दिनों में इस पर गंभीरता नहीं दिखाई, तो आपूर्ति बंद करने की कार्रवाई शुरू की जा सकती है। पीएनजी उपभोक्ताओं को एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने के लिए mypngd.in पर जाने के लिए कहा जा रहा है। इस पर क्लिक करने पर मोबाइल नंबर और एलपीजी आइडी डालकर एलपीजी कनेक्शन के स्टेट्स की जानकारी ली जा सकती है।

> अब लोगों को आसानी से एलपीजी सिलेंडर मिल रहे हैं। जिन लोगों के पास पीएनजी कनेक्शन हैं, उन्हें एलपीजी सिलेंडर देने वाली गैस एजेंसियों पर कार्रवाई की जाएगी। इसलिए जांच के बाद ही इस प्रकार के लोगों को सिलेंडर दिए जाने के आदेश दिए गए हैं। -मनीष कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी

# सांसद ने आयुष्मान शिविर का किया उद्घाटन

बरेली, अमृत विचार : क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत अभियान को और गति देने के लिए सांसद छत्रपाल गंगवार ने बिहारीपुर में आयुष्मान शिविर का उद्घाटन किया।

सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि शुक्रवार से शुरू हुए इस विशेष अभियान का उद्देश्य टीबी रोगियों की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित करना है। शिविर में सांसद ने कहा कि टीबी पूरी तरह से ठीक होने वाली बीमारी है, बशर्ते समय पर जांच और इलाज हो। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. इंतजार हुसैन ने बताया कि अभियान के तहत उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान कर सूची सभी ब्लॉकों को उपलब्ध करा दी गई है। इन क्षेत्रों में 6 हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनों के जरिए घर-घर जाकर जांच की जा रही है। शिविरों में टीबी के साथ अन्य स्वास्थ्य जांच भी निशुल्क की जा रही हैं। क्षय रोग के प्रमुख लक्षणों में दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, सीने में दर्द, खून की खांसी, लगातार थकान, सांस लेने में परेशानी, रात में पसीना आना, वजन घटना और भूख न लगना शामिल हैं।

# बिचपुरी में बनाई जा रही अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर



निर्माणाधीन प्लॉट की बाउंड्रीवाल ध्वस्त करता बुलडोजर। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बीडीए के संयुक्त सचिव के नेतृत्व में ध्वस्त कीं नाली, सड़कें, बाउंड्रीवाल

अमृत विचार: अवैध निर्माण और बिना नक्शा पास कराए कॉलोनी काटने वाले भू-माफियाओं के खिलाफ बीडीए का अभियान जारी है। शुक्रवार को प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने बिथरी चैनपुर के ग्राम बिचपुरी में मोहम्मद इस्लाम और मोहम्मद वजरूद्दीन की चार हजार वर्गमीटर में बिना स्वीकृति के बसाई जा अवैध कॉलोनी में नालियों, सड़कों और बाउंड्रीवाल के निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।

बीडीए के संयुक्त सचिव दीपक कुमार के नेतृत्व में हुई इस कार्यवाही के दौरान सहायक अभियंता विनोद कुमार, अवर अभियंता सीताराम और भारी संख्या में प्रवर्तन टीम के सदस्य मौजूद रहे। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि प्लॉटिंग या निर्माण से पूर्व मानचित्र स्वीकृत कराना अनिवार्य है। बीडीए उपाध्यक्ष डा. मनिकंडन. ए ने लोगों को सचेत किया है कि वे मेहनत की कमाई निवेश करने से पहले मानचित्र की वैधता की जांच अवश्य कर लें। बिना स्वीकृति के किए गए निर्माणों को भविष्य में भी इसी तरह ध्वस्त किया जाएगा।

## इंटरमीडिएट


कोमल, 75.2% – डा. सुशीला गिरीश बालिका इंटर कॉलेज


वैष्णवी, 74% – डा. सुशीला गिरीश बालिका इंटर कॉलेज


अमिता वर्मा, विज्ञान वर्ग 73.2% डा. सुशीला गिरीश बालिका इंटर कॉलेज


कशिश साहू 81.6 % राजकीय बालिका इंटर कालेज


पूनम के इंटरमीडिएट में 84.2% अंक आए


मंशा सक्सेना ने 79 % अंक प्राप्त किए


काजल कश्यप को 73.4 % अंक मिले


संस्कृति अग्रवाल ने 75% अंक प्राप्त किए


फातिमा नियाजी को 77 % अंक मिले


कनक ने 78.5 % अंक प्राप्त किए


इकरा ने 85.3 % प्राप्त किए


कनक आर्या को 81.2 % अंक मिले

## हाईस्कूल


ज्योति राठौर, 85.4% –डा. सुशीला गिरीश बालिका इंटर कॉलेज


निशा, 84.2% –डा. सुशीला गिरीश बालिका इंटर कॉलेज


खुशनुमा, 83.4% –डा. सुशीला गिरीश बालिका इंटर कॉलेज


लक्ष्या मिश्रा, 84% कांति कपूर बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज


प्रियम्वदा 74 % राजकीय बालिका इंटर कालेज


श्रेया अस्थाना 87.2 % राजकीय बालिका इंटर कालेज


राधिका सक्सेना 85 % राजकीय बालिका इंटर कालेज


गरिमा प्रजापति 84.4 % राजकीय बालिका इंटर कालेज


जाह्नवी प्रजापति 83 % राजकीय बालिका इंटर कालेज


उजमा नूरी 84.33% रिजवान हुसैन कादरी इंटर कॉलेज


वैष्णवी गुप्ता ने हाईस्कूल परीक्षा में 85.33 % अंक प्राप्त किए


दानिश ने 85 % अंक प्राप्त किए

# ऐसे ही नहीं... मेहनत और अटूट लगन से बनाई टॉपर्स में जगह

- इंटर टॉपर खुशी मौर्य ने संसाधनों की कमी को नहीं बनाया बहाना

कार्यालय संवाददाता बरेली

**अमृत विचार:** सर्वोदय जन कल्याण इंटर कॉलेज की मेधावी छात्रा खुशी मौर्य ने प्रदेश में छठवां और जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। खुशी की यह सफलता उन सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है जो संसाधनों की कमी को अपनी प्रगति में बाधक मानते हैं।


खुशी मौर्य

खुशी ने कहा कि उपलब्धि के पीछे उनके शिक्षकों का सही मार्गदर्शन और उनके माता-पिता का अटूट विश्वास है। वह बताती हैं कि उन्होंने स्कूल की पढ़ाई के साथ-साथ घर पर रोजाना 6 से 7 घंटे की पढ़ाई को अपना नियम बनाया था। कठिन विषयों जैसे गणित और विज्ञान के लिए उन्होंने विशेष समय सारणी तैयार की थी। परीक्षा के दौरान दूरी बना ली थी। खुशी ने कहा कि वह अपने जेसी बेटियों की शिक्षा और उनके अधिकारों के लिए काम करना चाहती हैं। उपलब्धि पर गांव और विद्यालय में खुशी का माहौल है।

## मॉक टेस्ट ने आत्मविश्वास बढ़ाया : सिमरन मौर्य

सर्वोदय जन कल्याण कॉलेज की छात्रा सिमरन मौर्य ने प्रदेश में छठवां और जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। सिमरन ने बताया कि रटने के बजाय समझने की प्रवृत्ति को अपनाया। स्कूल में जो भी पढ़ाया जाता था, घर आकर तुरंत रिवीजन करती थी। इससे पढ़ाई का बोझ नहीं बढ़ा। शिक्षकों ने समय-समय पर जो मॉक टेस्ट लिए, उन्होंने उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाई। सिमरन ने अपनी सफलता का श्रेय विशेष रूप से अपनी मां को दिया। जिन्होंने पढ़ाई के माहौल को शांत बनाए रखने में उनकी हर संभव मदद की। सिमरन का सपना एक डॉक्टर बनकर ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना है।


सिमरन मौर्य।

## निरंतरता ने दिलाई टॉपर सूची में जगह: चमन जहां

सर्वोदय जन कल्याण कॉलेज की छात्रा चमन जहां ने प्रदेश में सांतवा और जिले की मेरिट सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया है। चमन ने कहा– कभी भी अध्ययन में गैप नहीं होने दिया। त्यौहारों पर भी पढ़ाई से समझौता नहीं किया। कमजोर विषयों पर अधिक ध्यान दिया। शिक्षकों से बिना झिझक के सवाल पूछे। 2 वर्षों के प्रश्नपत्र हल कर तैयारी मजबूत की। इससे परीक्षा के प्रारूप को समझने में मदद मिली। चमन जहां शिक्षा के क्षेत्र में करियर बनाना चाहती हैं। बोलीं, शिक्षा ही वह हथियार है जिससे समाज में हर कुरीति को खत्म किया जा सकता है। विशेष रूप से अल्पसंख्यक लड़कियों की शिक्षा के लिए काम करने की इच्छा रखती हैं।


चमन जहां।

## हाईस्कूल में वैष्णवी को तीसरा स्थान

**बरेली।** हाईस्कूल में सर्वोदय जन कल्याण कॉलेज की छात्रा वैष्णवी गुप्ता ने प्रदेश में 10 वां और जिले में तीसरा स्थान हासिल किया है। वैष्णवी ने बताया कि उनकी तैयारी का आधार शिक्षकों के बनाए गए नोट्स रहे। नियमित रिवीजन ने परीक्षा के दौरान आत्मविश्वास बनाए रखने में मदद की। शिक्षकों से मार्गदर्शन लेकर शंकाएं दूरी कीं। वह इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता–पिता और शिक्षकों को देती हैं। वैष्णवी आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहती हैं।


वैष्णवी गुप्ता।

## इंटरमीडिएट में जिले में 10वां स्थान प्राप्त सूर्य प्रताप सिंह का इंजीनियर बनने का सपना

**बरेली।** इंटरमीडिएट परीक्षा में शांति अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र सूर्य प्रताप सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में दसवां स्थान हासिल किया है। उपलब्धि से विद्यालय और परिवार में खुशी का माहौल है। सूर्य ने बताया कि पढ़ाई के दौरान उन्होंने स्लेबस को समझने पर फोकस ज्यादा किया। हर विषय को कॉन्सेप्ट के आधार पर तैयार किया और परीक्षा से पहले बार–बार रिवीजन किया। मोबाइल और अन्य चीजों से दूरी बनाकर पढ़ाई पर पूरा ध्यान दिया। जब भी कोई टॉपिक कठिन लगा, तो शिक्षकों से तुरंत समाधान लिया, जिससे समय की बर्बादी नहीं हुई। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल के शिक्षकों ने खुशी जताते हुए इसे अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक बताया। सूर्य प्रताप ने कहा कि वह इंजीनियर बनना चाहते हैं। तकनीकी क्षेत्र में कुछ नया करने और देश के लिए उपयोगी काम करना मकसद है।

# बीआईयू में छात्रों ने मॉडल्स के जरिए किया प्रतिभा प्रदर्शन

## विश्व प्रयोगशाला दिवस पर प्रो. डॉ. सुमेरु ने दिया व्याख्यान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज़ में ''विश्व प्रयोगशाला दिवस'' के अवसर पर कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रयोगशाला के महत्व और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से परिचित कराया गया। मुख्य वक्ता रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. सुमेरु सामंता ने क्वालिटी कंट्रोल विषय पर व्याख्यान दिया।

समारोह के दौरान छात्रों ने एक मिनी प्रदर्शनी का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न प्रयोगशाला तकनीकों, नवाचारों और वैज्ञानिक मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही आयोजित रोचक क्विज प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय देते हुए बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यूनिवर्सिटी के इन्क्यूबेशन सेल प्रमुख क्लॉडियस लज़ारस और फैकल्टी प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने विद्यार्थियों के मॉडल्स की सराहना की और उन्हें निरंतर उत्कृष्टता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अकादमिक इंचार्ज डॉ. अमरनाथ शर्मा, आकांक्षा अवस्थी, सुजाता कटियार और एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर अंकित कुमार का विशेष सहयोग रहा। समापन सत्र में क्विज और प्रदर्शनी के विजेताओं को प्रमाण पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों का व्यावहारिक ज्ञान समृद्ध होता है।



कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बीआईयू के शिक्षक, छात्र व अन्य। • अमृत विचार

- कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रतिभागियों को बांटे प्रमाण पत्र

## नई सोच नए सरोकार

# अमृत विचार से बच्चों ने सीखे अध्ययन के गुर, मेधावियों का किया गया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** जनकपुरी स्थित लायंस रोहिला इंटर कॉलेज में अमृत विचार की ओर से शुक्रवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं को समाचार पत्र के प्रकाशन की जटिल प्रक्रिया और समाज में इसकी महत्ता से रूबरू कराया गया।



छात्रों को बताया गया कि किस प्रकार एक खबर धरातल से उठकर प्रिंटिंग प्रेस तक पहुंचती है और अगले दिन पाठकों के हाथ में अखबार के रूप में आती है। कक्षा 8 की छात्रा आराध्या सक्सेना ने प्रार्थना सभा में समाचार पत्र पढ़कर सुनाया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतिदिन पढ़ने की आदत विकसित करना और समसामयिक विषयों के प्रति उन्हें जागरूक करना रहा। प्रधानाचार्या अनुराधा सिंह ने बताया कि यूपी बोर्ड के रिजल्ट में विद्यालय की कक्षा 10 की छात्रा इकरा ने 95.5 प्रतिशत के साथ प्रदेश में पांचवा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में दूसरे स्थान पर रदीना खान 91.5 प्रतिशत के साथ, तीसरे स्थान पर मीनल 89.5 प्रतिशत के साथ रही। वहीं, इंटरमीडिएट में आस्था सक्सेना विज्ञान वर्ग में 83 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, विभोर मिश्रा ने वाणिज्य वर्ग में 82 प्रतिशत के साथ प्रथम रहे। छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। संजय कुमार, सीमा, सरज सरवेही, प्रकाश राना, आलोक सक्सेना, परेश अग्रवाल ने सक्रिय भूमिका निभाई।

> समाचार पत्रों से छात्रों को सामान्य ज्ञान बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। इससे उन्हें भविष्य निर्माण में काफी मदद मिलती है।
>
> **संगीता अग्रवाल**, उपप्रधानाचार्य



# एमजेपी विश्वविद्यालय में एआई कोर्स की तैयारी

- दो क्रेडिट पाठ्यक्रम, डिजिटल संचालन और ऑनलाइन सेवाओं पर जोर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रयोग और इसे पाठ्यक्रम में शामिल करने को लेकर शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई।

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि एआई आज की आवश्यकता बन चुका है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर देती है। ऐसे में विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में एआई को शामिल करना जरूरी है। उन्होंने दो क्रेडिट का एआई कोर्स तैयार करने, शिक्षकों के प्रशिक्षण और छात्रों की रुचि के अनुरूप पाठ्यक्रम विकसित करने पर बल दिया।

बैठक में एआई आधारित प्रणालियों के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया, टाइम टेबल और डेटा विश्लेषण जैसे कार्यों को अधिक पारदर्शी और तेज बनाने पर भी सहमति बनी। साथ ही असाइनमेंट और थीसिस मूल्यांकन में एआई के उपयोग की संभावनाओं पर विचार किया गया। कुलपति ने छात्रों की सुविधा के लिए अधिक से अधिक कार्य ऑनलाइन माध्यम से संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि दूरदराज के छात्रों को अनावश्यक रूप से विश्वविद्यालय न आना पड़े। बैठक में कुलसचिव हरीश चंद, परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष और संकाय अध्यक्ष मौजूद रहे।

## गर्मी से राहत को बरेली कॉलेज में लगाए गए पांच वाटर कूलर

**बरेली, अमृत विचार:** अमृत विचार में भीषण गर्मी में प्यास जूझेगा बरेली कॉलेज शीर्षक से प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेकर बरेली कॉलेज प्रशासन ने पांच वाटर कूलर लगवाए।

बरेली कॉलेज के हॉट एडं कोल्ड प्रभारी प्रो. सूरज पाल साहू ने बताया कि चीफ प्रॉक्टर कार्यालय, जीसीआर, कंट्रोल रूम, नए परीक्षा भवन और प्राचार्य कार्यालय जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर वाटर कूलर लगाए गए हैं। कॉलेज के 16 हजार विद्यार्थी को अलग-अलग स्थानों पर आसानी से ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। छात्रों ने कहा कि लंबे समय से पानी की समस्या बनी हुई थी। खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन ने गंभीरता दिखाई और शीघ्र समाधान किया। हॉट एडं कोल्ड प्रभारी ने बताया कि जो वाटर कूलर खराब है उनको भी शीघ्र ही सही कराया जाएगा।

## हाईस्कूल व इंटरमीडिएट दोनों में शत-प्रतिशत परिणाम

**बरेली, अमृत विचार :** साहूकारा स्थित संदीप कॉमर्स कोचिंग के विद्यार्थियों ने इस वर्ष हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों परीक्षाओं में शत–प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल कर शानदार प्रदर्शन किया है। सभी छात्र–छात्राएं सफल रहे। जिससे संस्थान में उत्साह का माहौल है। कोचिंग संचालक संदीप ने बताया कि नियमित कक्षाएं, टेस्ट सीरीज और व्यक्तिगत मार्गदर्शन सफलता की कुंजी रहे। कई विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

## सिटी डायरी

### डिंपल का केंद्रीय विद्यालय नेशनल बैडमिंटन में चयन

बरेली, अमृत विचार : स्पोर्ट्स स्टेडियम में बैडमिंटन प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बरेली की बैडमिंटन खिलाड़ी डिंपल खड़का ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। डिंपल ने अंडर– 17 में इफको आंवला में 22–23 अप्रैल को आयोजित केंद्रीय विद्यालय के रीजनल ट्रायल में द्वितीय स्थान प्राप्त कर केंद्रीय विद्यालय नेशनल बैडमिंटन प्रतियोगिता में जगह पक्की कर ली है। स्पोर्ट्स स्टेडियम बैडमिंटन कोच करण प्रताप सिंह ने डिंपल को केवी नेशनल में चयनित होने पर शुभकामनाएं दी। डिंपल की इस सफलता पर स्पोर्ट्स स्टेडियम के खिलाड़ियों और परिजनों में खुशी का माहौल है।




### आजमीनों का जत्था हज के लिए रवाना, दी गई विदाई



**बरेली, अमृत विचार :** शुक्रवार (जुमे) की नमाज़ के बाद मोहल्ला जसौली निवासी हाजी हसीन मियां वारसी अपनी पत्नी हज्जन सीमा वारसी के साथ हज यात्रा के लिए रवाना हुए। उनके साथ मोहम्मद सलीम, फरीन बेगम, नईम अख्तर, मुनव्वर, गुलशन सईद, नाज़नीन और मुनव्वर कुरैशी समेत कई अज़मीने–हज भी दिल्ली एयरपोर्ट के लिए निकले। ये सभी 25 अप्रैल को दोपहर 12 बजे मदीना शरीफ के लिए उड़ान भरेंगे। हसीन मियाँ वारसी ने कहा कि वे देश की खुशहाली, अमन–चैन और तरक्की के लिए विशेष दुआ करेंगे। बरेली हज सेवा समिति के संस्थापक पम्मी ख़ाँ वारसी ने अपने साथियों के साथ उन्हें विदाई दी। हाजी साकिब रज़ा खां, ज़िया उर रहमान, हाजी फैसल शम्सी व अन्य मौजूद रहे।

### साहू रामस्वरूप महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम बी विजेता

बरेली, अमृत विचार : साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की ओर से शुक्रवार को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बीए द्वितीय, चतुर्थ और छठवें सेमेस्टर एवं एमए द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का आयोजन तीन राउंड में कराया गया। टीम ए राउंड दो में ही प्रतियोगिता से बाहर हो गई। टीम बी विजेता घोषित हुई। प्राचार्या प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा ने विजेता टीम को प्रमाण पत्र व पुरस्कार प्रदान किया। संचालन समाजशास्त्र विभाग की शिक्षिका सीमा अग्रवाल और डॉ. कनिका पांडे ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष प्रो. कनकलता सिंह ने किया। निर्णायक की भूमिका में प्रो. कनिका पांडे रही।




### मां बगलामुखी जयंती पर हवन-पूजन में उमड़े भक्त

**बरेली, अमृत विचार :** सिद्धयोग शक्ति दरबार ट्रस्ट की ओर से मां बगलामुखी जयंती पर शुक्रवार को हवन–पूजन का आयोजन किया गया। भक्तों ने विधि–विधान से पूजा–अर्चना की और मां को पीले व्यंजनों का भोग अर्पित किया। गुरुदेव गोविन्द ने बताया कि मां बगलामुखी दस महाविद्याओं में प्रमुख स्थान रखती हैं और स्तंभन शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मानी जाती हैं। गुरुमां आस्था ने जानकारी दी कि दरबार में पिछले 31 वर्षों से नियमित रूप से मां बगलामुखी की साधना कराई जा रही है। जयंती से पूर्व नौ दिनों तक 43 साधकों ने निरंतर सिद्ध मंत्र का जाप किया। प्रत्येक गुरुवार को विशेष साधना का आयोजन भी किया जाता है। हवन में श्रद्धालुओं ने आहुतियां दी। इसके बाद आरती और प्रसाद वितरण किया गया।



# एसआर और विद्या वर्ल्ड में होगा फाइनल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल टूर्नामेंट के दसवें दिन शुक्रवार को रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए।

पहले सेमीफाइनल में एसआर इंटरनेशनल स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 154 रन बनाए। कप्तान अभिमन्यु ने 34 रन और अरहान ने 53 रन बनाए। जवाब में सोबती की पूरी टीम महज 71 रनों पर सिमट गई और एसआर ने 83 रनों की बड़ी जीत के साथ फाइनल का टिकट पक्का किया। कप्तान अभिमन्यु श्रीवास्तव को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे सेमीफाइनल में विद्या वर्ल्ड स्कूल ने निर्धारित ओवरों में 4 विकेट खोकर 210 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बासुबरल की टीम 13 ओवर में मात्र 79 रनों पर ढेर हो गई। बासुबरल के कप्तान शिव प्रताप शुक्ला 45 रन बनाए। 131 रनों की ऐतिहासिक जीत के साथ विद्या वर्ल्ड ने छठी बार फाइनल में प्रवेश किया। शिवांश मिश्रा को 4 विकेट लेने पर 'मैन ऑफ द मैच'' दिया गया।


फुटबॉल में जीत के लिए जूझते खिलाड़ी। • अमृत विचार

- पहले सेमीफाइनल में एसआर की टीम ने सोबती को हराया
- दूसरे सेमी फाइनल में विद्या वर्ल्ड ने बासुबरल को किया परास्त

## डीपीएस और आर्मी पब्लिक स्कूल में होगा फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल

दूसरी ओर, फुटबॉल टूर्नामेंट के सीजन–2 में भी फाइनल की तस्वीर साफ हो गई है। पहले सेमीफाइनल में डीपीएस ने चाइल्ड केयर बिशप कोनराड स्कूल को कड़े संघर्ष के बाद टाईब्रेकर में 3–2 गोलों से पराजित किया। वहीं, दूसरे मुकाबले में आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग ने हार्टमैन कॉलेज को 2–1 से हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह बनाई। शनिवार को सुबह 9 बजे खिताबी मुकाबला डीपीएस और आर्मी पब्लिक स्कूल के बीच खेला जाएगा।

# गज ग्रीन चैलेंजर्स ने जीती जीपी कॉर्पोरेट क्रिकेट लीग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** निशांत पटेल स्पोर्ट्स हब पर आयोजित जीपी कॉर्पोरेट क्रिकेट लीग के फाइनल मुकाबले में शुक्रवार को गज ग्रीन चैलेंजर्स ने हैपनिंग बरेली क्रिकेट क्लब को हराकर खिताब जीत लिया। ऋषभ चौहान को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर हैपनिंग बरेली क्रिकेट क्लब 17 ओवर 3 गेंद में सभी विकेट खोकर 100 रन बना पाई। संदीप सोनी ने सर्वाधिक 22 रन बनाए। जॉनी ने 4 विकेट झटके। गज ग्रीन चैलेंजर्स के ओपनर बल्लेबाजों ने मात्र 6 ओवर 2 गेंद में लक्ष्य हासिल कर लिया। ऋषभ चौहान ने 22 गेंदों में 71 रन बनाए। आशीष दुबे ने 30 रन और पवन मेहरोत्रा ने नाबाद 2 रन का योगदान दिया।


खुश होते विजेता टीम के खिलाड़ी। • अमृत विचार